डॉ. मनसुख मांडविया
DR. MANSUKH MANDAVIYA

सत्यमेव जयते

मंत्री
श्रम एवं रोज़गार
व युवा कार्यक्रम एवं खेल
भारत सरकार
Minister
Labour & Employment
and Youth Affairs & Sports
Government of India

## संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि केंद्रीय सतर्कता आयोग ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह अवसर भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती (31 अक्टूबर) के अवसर पर 27 अक्टूबर से 2 नवंबर 2025 तक मनाया जाएगा, जिसका विषय "सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारी" है।

ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही सुशासन की नींव हैं और भ्रष्टाचार मुक्त जीवंत भारत के निर्माण के लिए आवश्यक हैं। इस वर्ष का विषय इस बात पर ज़ोर देता है कि सतर्कता कुछ चुनिंदा लोगों की ज़िम्मेदारी नहीं है; बल्कि यह प्रत्येक नागरिक, लोक सेवक और संगठन - सरकारी और निजी दोनों - का सामूहिक कर्तव्य है।

इस सप्ताह का आयोजन नैतिक आचरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करने, भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूकता बढ़ाने और सभी की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करने का अवसर प्रदान करता है। कार्य में ईमानदारी और समर्पण माननीय प्रधानमंत्री के विकसित भारत के दृष्टिकोण का एक अभिन्न अंग हैं, जहाँ निष्पक्षता और पारदर्शिता प्रत्येक कार्य का मार्गदर्शन करती है।

मैं केंद्रीय सतर्कता आयोग को ईमानदारी की संस्कृति को बढ़ावा देने के उनके निरंतर प्रयासों और सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के सफल आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएँ देता हूँ।

**जय हिंद!**

**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

120, श्रम शक्ति भवन, नई दिल्ली - 110001 दूरभाष : +91-11-23717515, 23710240 फैक्स : +91-11- 23711708
120, Shram Shakti Bhawan, New Delhi-110001 Phone : +91-11-23717515, 23710240 Fax : +91-11- 23711708
Camp Office : 011-23012595, 23012372, 23013415
ई-मेल / E-mail : minoffice-mole@nic.in; office-moyas@gov.in